Seat No. : _____

XR-114-H

B.A. (Sem. II)
April-2013

Core 112, Psychology
(Psychology & Effective Behaviour)

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 70**

Hindi Version

सूचना : **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

१. (अ) व्यवसाय से संबंधित बदलते दृष्टि बिन्दुओं को समझाइये । **७**

अथवा

कैरियर आयोजन के घटक के रूप में व्यावसायिक माहिती की चर्चा कीजिये ।

(ब) प्रभावशाली शिक्षण के घटक के रूप में सीखने वाले व्यक्ति की चर्चा कीजिये । **७**

अथवा

प्रभावशाली शिक्षण के घटक के रूप में सीखने की पद्धति की चर्चा कीजिये ।

२. (अ) आवेगों की अभिव्यक्ति एवं नियंत्रण के पैटर्न की चर्चा कीजिये । **७**

अथवा

आवेगों को समझने तथा उनके साथ काम पूर्ण करने के लिए क्या करना चाहिए ? समझाइये ।

(ब) अच्छे अन्तरवैयक्तिक संबंधों के आधार के रूप में "दूसरों के अधिकार एवं स्वतंत्रता का स्वीकार" और 'हेतु की समानता' की चर्चा कीजिये । **७**

अथवा

सामाजिक क्षमता सुधारने की दृष्टि से "स्वयं की मूल्यनिष्ठा का सम्पोषण" की चर्चा कीजिये ।

३. संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिये । (कोई **चार**) **१६**

(१) वास्तविक पसंदगी का सोपान
(२) सामाजिक रूप से लाभवंचित कर्मचारी
(३) सीखने में इनाम व दण्ड की भूमिका
(४) सर्जक लोगों के लक्षण
(५) हास्यवृत्ति बनाये रखना
(६) पारस्परिक जिम्मेदारी

४. **एक** या **दो** वाक्यों में उत्तर दीजिये : **१२**

(१) कैरियर आयोजन की अस्थायी अवधि किसे कहते हैं ?
(२) 'विवाह-कैरियर उपहास' का अर्थ समझाइये ।
(३) शिक्षण कार्य का प्रकार शिक्षण प्रक्रिया को किस प्रकार प्रभावित करता है ?
(४) सर्जनात्मक विचार के पाँच सोपानों के नाम लिखिये ।
(५) अभिसंधान नाबूदी किसे कहते हैं ?
(६) I-Thou ("मैं-आप") संबंधों का अर्थ स्पष्ट कीजिये ।

५. कोष्ठकों में दिये विकल्पों में से सही विकल्प पसंद करके रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये : १४

(१) कैरियर आयोजन के _____ अवधि में वास्तविकता को लक्ष में नहीं लिया जाता । (अस्थायी, मौज)

(२) कैरियर आयोजन करते समय व्यक्ति को समझना पड़ता है कि उसकी शक्ति और साधन किस प्रकार से उसकी पसंदगी को _____ करते हैं । (मर्यादित, परिवर्तित)

(३) कुछ व्यक्ति _____ अन्तर्गत काम करते हैं तो दूसरे अधिक आरामदायी ढंग से । ((भय, दबाव)

(४) एस्टिन और निकोल्स के अनुसार व्यक्ति की व्यावसायिक पसंदगी का आधार _____ घटकों पर निर्भर है । (छः, दो)

(५) सीखने की सामग्री का प्रमाण जितना कम हो शिक्षणकार्य उतना ही अधिक _____ बनता है । (रसप्रद, सरल)

(६) सीखने की प्रेरणा मंद हो तो भी शिक्षण सामग्री की _____ शिक्षण प्रक्रिया को प्रोत्साहित करती है । (परिचितता, विविधता)

(७) जिस शिक्षक के मुद्दों (Points) के प्रस्तुतीकरण में _____ का अभाव हो तो उसको सुनना विद्यार्थियों के लिए हताशाजनक है । (पुनरावर्तन, स्पष्टता)

(८) _____ के ज्ञान की गैर-हाजरी की विपरीत असर सीखने वाले व्यक्ति की प्रेरणा, आत्मविश्वास और सीखने की कुशलता पर पड़ती है । (परिणाम, स्व)

(९) _____ आवेग विकसित करने के लिए आपको ऐसी प्रवृत्तियाँ पसंद करनी होंगी जिससे आपको अधिक संतोष हो । (विधायक, तीव्र)

(१०) आपकी समस्याओं को आपको अधिक आशावाद या निराशावाद के बिना _____ रीति से देखनी चाहिए । (जटिल, वास्तविक)

(११) आवेगों की अभिव्यक्ति से _____ होता है । (संघर्ष, भावविरेचन)

(१२) जब आप अपने _____ उद्दीपक मूल्य से अनजान होते हो तब आप दूसरों का आपके प्रति व्यवहार नहीं समझ सकते । (नकारात्मक, साधारण)

(१३) प्रत्येक व्यक्ति अपनी स्वयं की _____ शैली (Style) रखता है । (शैक्षणिक, अन्तरवैयक्तिक)

(१४) _____ द्वारा आप दूसरों की इच्छाओं तथा चिन्ताओं को समझ सकते हैं । (धीरज, परानुभूति)

_____